आत्मनिर्भर भारत को मिला बढ़ावा : मनोज तिवारी

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली : उत्तरी पूर्वी दिल्ली से सांसद एवं दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा है कि कुछ चिटफंड कंपनियों के कारण ईमानदारी से कार्य कर रही डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री से जुड़े व्यवसायियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस इंडस्ट्री के अच्छे दिन शुरू हो गए। वह रोहिणी में आयोजित समिट में बोल रहे थे। सांसद ने बताया कि वर्ष 2016-2017 में केंद्र सरकार इस इंडस्ट्री के लिए पहली बार गाइडलाइन लेकर आई, जिसका इंतजार इंडस्ट्री के लोगों को 20 वर्षों से था। मनोज तिवारी ने कहा कि इस इंडस्ट्री से रोजगार के अवसर के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिला है।

रोहिणी में आयोजित एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सैलिंग एंटिटी आफ इंडिया के समिट में सांसद मनोज तिवारी (मध्य) का स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी ● जागरण

रोहिणी में आयोजित इस समिट में बताया गया कि चिटफंड कंपनियों के कारण धूमिल हो रही अपनी छवि से चिंतित डायरेक्ट सेलिंग कंपनियां अब चिटफंड कंपनियों पर शिकंजा कसने के लिए खुद आगे आने लगी हैं। इस मौके पर डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों की एसोसिएशन एडीएसईआइ (एसोसिएशन आफ डायरेक्ट सेलिंग एंटिटी आफ इंडिया) ने केंद्र सरकार से नियम बनाने की मांग की ताकि चिटफंड कंपनियों पर शिकंजा कसा जा सके। समिट में देश भर की 50 से अधिक डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों के डायरेक्टर ने हिस्सा लिया और भविष्य की योजनाओं आ रही समस्याओं पर चर्चा की।